रक्षाबंधन से पहले सरकार का बहनों को बड़ा गिफ्ट!

गर्भवती महिलाओं की होगी मुफ्त सोनोग्राफी

मां वाउचर योजना से मिलेगी बड़ी राहत

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में रक्षा बंधन से पहले भजनलाल सरकार ने गर्भवती महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। प्रदेश सरकार की ओर से अब सभी गर्भवती महिलाओं को मुफ्त सोनोग्राफी की सुविधा मिलेगी। भजनलाल सरकार ने 'मां वाउचर योजना' पूरे राज्य में लागू कर दी है।

यह योजना को पहले मार्च में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर कुछ जिलों में शुरू किया गया था। अब यह पूरे राजस्थान में यह सुविधा उपलब्ध होगी। इस योजना से सरकारी और कुछ प्राइवेट सेंटरों पर भी मुफ्त सोनोग्राफी करवाई जा सकेगी।

जानिए कैसे मिलेगा योजना का लाभ

इस योजना का लाभ लेने के लिए गर्भवती महिलाओं को अपना जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन लेकर चिकित्सा केंद्र जाना होगा। वहां ओटीपी के जरिए उन्हें SMS पर QR कोड वाला एक वाउचर मिलेगा। इस वाउचर को दिखाकर वे सूचीबद्ध प्राइवेट सेंटर पर भी मुफ्त सोनोग्राफी करवा सकेंगी। चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया, 'इस योजना से गर्भवती महिलाओं को काफी राहत मिलेगी। उन्हें अब सोनोग्राफी के लिए पैसे खर्च नहीं करने पड़ेंगे।'

योजना का लाभ न्यूनतम 84 दिन गर्भवती को

उन्होंने आगे बताया, 'गर्भवती महिलाओं को उनके मोबाइल नंबर पर SMS के जरिए QR कोड आधारित ई-वाउचर मिलेगा। उस वाउचर को देकर किसी भी सूचीबद्ध निजी सेंटर में वे निशुल्क सोनोग्राफी करा सकेंगी। यदि डॉक्टर दोबारा सोनोग्राफी करवाने के लिए कहता है तो फिर से निशुल्क वाउचर दिया जाएगा।' इस योजना का लाभ 84 दिन या उससे अधिक दिन की गर्भवती महिलाएं उठा सकती हैं। वाउचर की समय सीमा 30 दिन की होगी। अगर किसी कारण से महिला समय पर सोनोग्राफी नहीं करवा पाती है, तो वह दोबारा चिकित्सा केंद्र जाकर वाउचर की समय सीमा 30 दिन और बढ़वा सकती है। यह सुविधा सिर्फ एक बार ही मिलेगी।